पेज थ्री
देहरादून
हमारा दून
देहरादून, बृहस्पतिवार 8 जुलाई 2021


सीएम ने सचिवालय में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने अभिनेता दिलीप कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरदून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिलीप कुमार का निधन फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवगंत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### सीएम ने सचिवालय में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पुष्कर सिंह धामी ने पहली बार सचिवालय पहुंचकर शासकीय कार्यों की शुरुआत की।

### 20.20 ग्राम स्मैक के साथ कार सवार तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने 20.20 ग्राम स्मैक के साथ कार सवार तस्कर गिरफ्तार किया है। आरोपी हरिद्वार की ओर से शहर में आ रहा था। जिसे जोगीवाला चौकी स्थित बैरियर पर पकड़ लिया गया। इंस्पेक्टर नेहरू कॉलोनी राकेश गुसाईं ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जोगीवाला बैरियर पर एक कार को रोका गया। कार में सवार सचिन कश्यप (38) निवासी जी ब्लॉक नेहरू कॉलोनी की तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास से स्मैक मिली।

### आयुष्मान व गोल्डन कार्ड की दिक्कतें होंगी दूर

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य विभाग की कमान संभालते ही आईएमए पदाधिकारियों एवं निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठकें कर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ करने के उद्देश से विस्तारपूर्वक चर्चा कर सुझाव मांगे। निजी अस्पताल संचालकों एवं आईएमए पदाधिकारियों ने उपचार के दौरान आयुष्मान कार्ड एवं गोल्डन कार्ड के उपयोग में आ रही समस्याओं को विभागीय मंत्री के समक्ष रखा। जिस पर डा. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सूचीबद्ध अस्तपालों में कार्ड धारकों को उपचार के दौरान आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को शीघ्र दूर कर दिया जायेगा।

### राज्य आंदोलनकारियों ने की मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। राज्य आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक व कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में राज्य आंदोलनकारी और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय संयोजक व पूर्व राज्यमंत्री मनीष कुमार भी शामिल थे।

# बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

■ भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के साथ सरकार का किया गया पुतला दहन

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, महिलाओं के साथ हो रही बलात्कार की घटनाओं, किसानों की समस्याओं तथा हरिद्वार कुम्भ में हुए आर.टी.पी. सी.आर. टेस्ट महा घोटाले के मुद्दे को लेकर उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिह के आह्वान पर आज प्रदेश के सभी जिला एवं शहर मुख्यालयों में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के साथ सरकार का पुतला दहन किया गया है। इसी कार्यक्रम के तहत महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के तत्वाधान में राजधानी दून में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह की उपस्थिति में प्रदर्शन के साथ भाजपा का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई से जहां आम आदमी परेशान है वही प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं से महिलाओं में असुरक्षा की भावना प्रबल होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलिरेंस का दावा करने वाली भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है जिसकी बानगी हरिद्वार कुम्भ के दौरान हुए आर टी.पी.सी.आर. महा घोटाले के रूप में देखने को मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का किसान पिछले एक साल से सडकों पर रात गुजार रहा है तथा कर्ज में डूब कर आत्महत्या को मजबूर है। प्रीतम सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्ति का दंभ भरने वाली सरकार की नाक के नीचे हाल ही में हुए कुंभ मेले में कोरोना टेस्टिंग महा घोटाले का ताजा मामला जनता के सामने है जिसमें इस महामारी में आपदा में अवसर का लाभ लेते हुए आम जनता की गाडी कमाई से जमा टैक्स के करोड़ो रूपये की लूट हुई परन्तु सरकार अभी तक कार्रवाई करने से बच रही है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में लगातार कई बार रसोई गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ाकर साबित कर दिया है कि यह सरकार आम जनता की न होकर कुछ सरमायेदारों की सरकार है। उन्होंने कहा कि पहले से ही मंहगाई और कोरोना महामारी की मार झेल रही गरीब जनता पर केन्द्र सरकार द्वारा लगातार मंहगाई का बोझ डालकर उसे भूखे पेट सोने पर मजबूर किया जा रहा है। उन्होने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री की अनभिज्ञता के कारण गिरती अर्थ व्यवस्था का बोझ आम आदमी पर डाला जा रहा है।

### 26 पेयजल योजनाओं के लिए जारी किया गया 163 करोड़ रूपये का अनुदान

देहरादून। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आज राज्य स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जो सचिव पेयजल एवं स्वछता नितेश झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 26 पेयजल योजनाओं के लिए 163 करोड़ रूपये का अनुदान प्रदान किया गया। बैठक में प्रभारी सचिव/निदेशक, अपर सचिव और स्वच्छता प्रबंध निदेशक, उत्तराखंड पेयजल निगम मुख्य अभियंता राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन आदि अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन योजनाओं में कुल 9 योजनायें 05 करोड़ लागत से अधिक तथा 17 योजनायें 02 करोड़ से 05 करोड़ तक की लागत की हैं, इन योजनाओं में 05 योजनायें हाई हेड पम्पिंग की हैं और बाकी योजनायें ट्यूबवेल आधारित हैं। जेजेएम केंद्र सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य 2020–21 में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल से जल का कनेक्शन प्रदान करना है।

# जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो

**निरीक्षण**

■ मुख्यमंत्री धामी ने सचिवालय के विभिन्न अनुभागों का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न पत्रावलियों का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन स्तर पर प्राप्त होने वाली पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण किया जाय। उन्होंने कहा कि शासन से जनता के बहुत उम्मीदें होती हैं। यह सुनिश्चित किया जाय कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कार्यों में तेजी के साथ ही समयबद्धता एवं कार्यों के प्रति पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि अपने कार्यों के लिए लोगों को अनावश्यक सचिवालय के चक्कर न लगाने पड़े। शासन स्तर पर प्राप्त होने वाली पत्रावलियों के ट्रेकिंग सिस्टम को और मजबूत बनाया जाय। आगन्तुकों के साथ शालीनता पूर्वक व्यवहार रखा जाय।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव एल फैनई ,सचिव अमित नेगी, शैलेश बगोली, श्रीमती सौजन्या, अपर सचिव श्रीमती सोनिका भी मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री अटल उत्कृष्ठ विद्यालय की समीक्षा की

**संवाददाता** प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में आनलाइन बैठक में अटल उत्कृष्ठ विद्यालय की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा अटल उत्कृष्ठ विद्यालय के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे। इस परियोजना का द्वितीय फेज भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इसके अन्तर्गत जितने भी माध्यमिक स्कूल सी0बी0एस0सी0 के मानक को पूरा करते हैं, उन्हें शामिल किया जायेगा। इनसे सम्बन्धित विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की जायेगी, इसके लिए शिक्षा विभाग में अंग्रेजी माध्यम में दक्ष शिक्षकों का चयन किया जायेगा। इससे संबंधित दुर्गम, अति दुर्गम क्षेत्र में सेवा करने वालों की सेवा एक वर्ष के स्थान पर दो–गुना गणना की जायेगी। उन्होंने ने कहा कि छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए गेस्ट फेकल्टी गुण–दोष के आधार पर लाई जायेगी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।